दिन– सोमवार | दिनांक– 09/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– एनडीए सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ तेजी और संवेदनशीलता के साथ आधारभूत बदलाव ला रही है।

02. भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा– प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कार्य प्रदर्शन की राजनीति और जबावदेह सरकार लाकर राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है।

03. केन्द्र सरकार ने बिहार पुलिस को साईबर अपराध और नशीले पदार्थों की खरीद–बिक्री की रोकथाम के लिए दो नई इकाईयों की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।

04. और, वैशाली जिले के लालगंज की प्रखंड विकास पदाधिकारी नीलम कुमारी और उसके वाहन चालक को निगरानी जांच ब्यूरो ने बीस हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले ग्यारह वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने तेजी से बडे पैमाने पर और संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों को भारत की विकास यात्रा को जानने के लिए नमो एप पर उपलब्ध वीडियो, इंफोग्राफिक्स और आलेखों जैसी विधाओं के माध्यम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है।

---

भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कार्य प्रदर्शन की राजनीति लाकर तथा जिम्मेदार और जवाबदेही की सरकार देकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। श्री नड्डा मोदी सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में मोदी सरकार ने विकसित भारत की नींव रखी है।

–––बाईट–––

ये सरकार पिछले ग्यारह सालों में ट्रांसपेरेंसी की नई मिसाल पेश की और ये फ्यूचरिस्टिक गवर्मेंट है और इसलिए वी टॉक अबाउट विकसित भारत और विकसित भारत का ये अमृतकाल और ये दस साल, 11 साल में विकसित भारत का बेस बनाया है। दिस वी हेव टू एड्रेस देम और इस बेस को बनाने के लिए जो भी फैसले लेने थे वो सारे फैसले लिए गए।

श्री नड्डा ने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह से पहले की सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त थी, लेकिन दो हजार चौदह के बाद इसमें तेजी से बदलाव आया है।

–––बाईट–––

That government before 2014 was full of corruption- एक नेगेटिविज्म का वातावरण था लेकिन 2014 के बाद हमने ऑप्टिमिज्म देखा। When I talk about political culture I talk about the shift from negativism to positvism- आज भारत का आम नागरिक कहता है मोदी है तो मुमकिन है और इसीलिए हम यह भी कह सकते हैं कि ऑप्टिमिज्म में विकास, अवष्किार और नवाचार ये तीनों चीजें जुड़ी हैं। आज हम डेवलेपमेंट भी कर रहे हैं और उसके साथ–साथ हम बेस्ट प्रेक्टिसिस भी ला रहे हैं, नवाचार भी हो रहा है और इस तरीके से विकास के काम को आगे बढ़ाया।

श्री नड्डा ने उड़ी और पुलवामा आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि हमलों के तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने दुश्मनों को स्पष्ट और कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री ने कहा था कि आतंकवादियों को उनकी कल्पना से परे सजा दी जाएगी और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से उस वादे को पूरा किया गया।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्यारह वर्षों के कार्यकाल के दौरान बिहार के विकास के लिए केन्द्र से पन्द्रह लाख करोड़ रूपये मिले हैं। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के विकास के साथ–साथ बिहार के विकास को भी काफी महत्व दिया।

–––बाईट–––

---

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मोदी सरकार के ग्यारह वर्ष के कार्यकाल में कृषि उत्पादकता में चौवालीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। श्री चौहान आज तेलंगाना के रंगारेड्डी में विकसित कृषि संकल्प अभियान में भाग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत किसानों को उन्नत खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही इस दिशा में आ रही कठिनाईयों का समाधान भी किया जा रहा है।

–––बाईट–––

---

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बिहार में अब तक तीन लाख तिरासी हजार किसानों के साथ कृषि वैज्ञानिकों ने संवाद किया है। कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, बिहार के निदेशक डॉक्टर अंजनी कुमार ने बताया कि पिछले ग्यारह दिनों में राज्य के अलग–अलग हिस्सों में तीन हजार सात सौ शिविर आयोजित किये गये। तैंतालीस कृषि विज्ञान केन्द्र की मदद से वैज्ञानिकों की एक सौ तीन टीमों ने किसान संवाद में भाग लेकर किसानों की समस्याओं का समाधान किया।

———बाईट———

इधर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर के प्रमुख डॉक्टर अनूप दास ने बताया कि किसानों से नवाचार सीखने में यह कार्यक्रम काफी सहायक है।

———बाईट———

---

केन्द्र सरकार ने बिहार पुलिस को साईबर अपराध और नशीले पदार्थों की खरीद–बिक्री की रोकथाम के लिए दो नई इकाईयों की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। एडीजी मुख्यालय कुंदन कृष्णन ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी साईबर अपराध और नशीले पदार्थों से जुड़े मामले आर्थिक अपराध इकाई के तहत आते हैं।

———बाईट———

---

वैशाली जिले के लालगंज की प्रखंड विकास पदाधिकारी नीलम कुमारी को निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने बीस हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके वाहन चालक की भी गिरफ्तारी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार बीडीओ शिकायतकर्ता से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर अपने ड्राईवर के माध्यम से घूस ले रही थी।

---

सीवान जिले जसौली गांव में बीस जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित जनसभा को सफल बनाने के लिए एनडीए की प्रमंडल स्तरीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी घटक दलों के वरिष्ठ नेता शामिल हुये। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा कि ग्यारह वर्षों के अपने कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री की यह बिहार की धरती पर बावनवीं जनसभा होगी। उन्होंने कहा कि अपने इस दौरे के क्रम में प्रधानमंत्री बिहारवासियों को कई सौगात देंगे।

---

भाजपा ने राजद द्वारा जातीय जनगणना के नाम पर लोगों को भ्रमित करने के आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा कि जातीय गणना और आरक्षण पर कांग्रेस और राजद को बोलने का कोई अधिकार नहीं है।

———बाईट———

---

राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ मरीजों में कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई है। सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि जिले में अभी तक साठ कोरोना संक्रमित मिले हैं, जिनमें से बीस पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। आईसीएमआर के डायरेक्टर जनरल राजीव बहल ने कहा कि कोविड से लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

———बाइट———

---

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। राजधानी पटना समेत कई जगहों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज और डेहरी राज्य के सबसे गर्म स्थान रहे। यहां का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, आज गोपालगंज में लू की स्थिति बनी रही। वहीं, राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में कई जगहों पर गर्म दिवस की स्थिति रही। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। कल गोपालगंज और पूर्वी चम्पारण जिले में लू चलने की आशंका है।

———बाईट———

---

राजगीर के रत्नागिरी पहाड़ के जंगली इलाके में फंसे दो विदेशी पर्यटकों को सकुशल निकाल किया गया है। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि ये दोनों पर्यटक बौद्ध सर्किट के भ्रमण पर निकले थे और भटककर जंगली इलाकों में चले गये थे। विदेशी पर्यटकों में एक बेनेजुएला और दूसरा आयरलैंड का नागरिक है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– एनडीए सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ तेजी और संवेदनशीलता के साथ आधारभूत बदलाव ला रही है।

02. भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा– प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कार्य प्रदर्शन की राजनीति और जबावदेह सरकार लाकर राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है।

03. केन्द्र सरकार ने बिहार पुलिस को साईबर अपराध और नशीले पदार्थों की खरीद–बिक्री की रोकथाम के लिए दो नई इकाईयों की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।

04. और, वैशाली जिले के लालगंज की प्रखंड विकास पदाधिकारी नीलम कुमारी और उसके वाहन चालक को निगरानी जांच ब्यूरो ने बीस हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।